उत्तर-प्रदेश

वृक्ष लगाओ प्रकृति बचाओ जीवन बचाओं अभियान के तहत हुआ वृक्षारोपण

Posted on August 21, 2021
Author Ashutosh Tiwari Comment(0)

टुडे इंडिया न्यूज* 24.com *लखनऊ, *बसंती पार्क में वी वीराम खंड-5, जनकल्याण समिति, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज और मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज लखनऊ-चैप्टर के पुराछात्र संगठन द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पर्यावरणविद भरत राज सिंह ने कहा कि "वृक्ष लगाओ प्रकृति बचाओ जीवन बचाओ" आगे उन्होने कहा कि धरती पर लगातार हो रहे अनेक प्रकार के प्रदूषण से पर्यावरण काफी प्रदूषित हो गया है। तथा तापमान बहुत अधिक बढ़ गया है। जिससे प्राकृतिक असंतुलन होने के कारण अनेक प्रकार के संकट से सभी को*

सामना करना पड़ रहा है। इस लिए प्राकृतिक संकट आपदा से बचने के लिए तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सभी लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाना होगा । यह कार्यक्रम जनकल्याण समिति, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज और मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज लखनऊ-चैप्टर के पुराछात्र संगठन द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया गया तथा कार्यक्रम के दौरान निर्णय लिया गया कि गोसाईंगंज के समीप सुल्तानपुर रोड से जाने वाले "पूर्वांचल एक्सप्रेस वे" पर तीन परतों में एक किलोमीटर रोड साइड प्लांटेशन अपनाने हेतु पटरी को गोद लिया जाय ।इस अवसर पर जनकल्याण समिति के संरक्षक एवं सदस्यगण; डॉ. भरत राज सिंह, अध्यक्ष, पर्यावरणविद् एवं महानिदेशक,एसएमएस; गोरख प्रसाद निषाद, पूर्व मंत्री, भाजपा; उमेश चंद तिवारी, आईएएस (सेवानिवृत्त); ब्रिगेडियर टीबी श्रीवास्तव, डॉ आरपी शर्मा, पूर्व निदेशक, एफजीआईईटी; रामायण सिंह; सीमा सिंह, उपाध्यक्ष; रवींद्र सिंह, कोषाध्यक्ष और एसबीएल मेहरोत्रा संयुक्त सचिव, और मनजीत सिंह, उपाध्यक्ष, एमएए, और प्रोफेसर अशोक के तिवारी, महासचिव, एमएए उपस्थित थे।

आशुतोष तिवारी